बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक 2·10·2000

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के हड़ताल का आज 40वां दिन है। संघ की एक बैठक श्री डब्लू·एन·सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एवं हड़ताल की समीक्षा की गई। समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचनानुसार सरकार द्वारा हड़ताल को समाप्त कराने की पहल को एक दो वरिष्ठ नौकरशाहों की जिद एवं अहं के कारण धक्का लगा। इस नौकरशाह को वित्त आयुक्त के रूप में वर्ष 1989 में संघ को इनकी मर्जी के खिलाफ सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान रास नहीं आया था। तब से वह मौके की तलाश में था जो एक बार 1997 एवं दुबारा 1999 में सरकार की सूझ-बूझ के कारण हाथ से निकल गया परन्तु वर्ष 2000 में यह मौका उन्हें मिल गया है एवं उन्होंने इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। अब यह सरकार को भ्रम में प्रारंभ से रखे हुए है कि हड़ताल एक सप्ताह नहीं चलेगा एवं अब जब उन्होंने हमारे सांगठनिक एकता को देख लिया है, तो कह रहे हैं कि दशहरा अवकाश के पूर्व 35 प्रतिशत एवं दशहरा अवकाश के बाद तीन दिन में हड़ताल पूर्णतः टूट जायगा।

हम इन नौकरशाहों को बता देना चाहते हैं कि वे सरकार को बहुत अधिक दिन तक भ्रम में नहीं रख सकते हैं एवं उनका उक्त दिवास्वप्न भी टूटेगा ही तथा सरकार के विकासात्मक / सहाय्य एवं अन्य प्रशासनिक प्रगति पर जो बाधा पहूंचायी जा रही है, के लिये उन्हें आनेवाली समय, उनकी सेवा निवृति के बाद भी इन्हें क्षमा नहीं करेगा।

हम पुनः सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह ऐसे दंभी पदाधिकारी से अपना पिंड छुड़ा लें जिनके निर्देशन में जहां राज्य का विकास दर वर्ष 1990 में 2·49 से घटकर वर्ष 99 में 2·43 होकर रह गया है; वही प्रशासनिक क्षमता एवं कल्याणकारी कार्यों में सरकार की प्रतिष्ठा एवं छवि गिरी है। सरकार को चाहिये कि वह एक-दो व्यक्तियों एवं सम्पूर्ण राज्य को अलग-अलग रख कर हमारी मांगों को अपने द्वारा किये गये

लगातार पृ· 2 पर···

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक..............................

समझौते की स्वीकृत मांगों के आलोक में सोचें एवं हड़ताल समाप्त कराने में अपने विवेक का उपयोग करे।

हम अपने सभी सदस्यों से अनुरोध करते हैं कि वे किसी तरह के प्रलोभन /दबाब एवं अफवाह का शिकार नहीं हों एवं धर्य्य तथा साहस का परिचय देते हुए अन्या के खिलाफ अपनी अस्मिता , मान सम्मान की रक्षा के लिये एक होकर दंभी नौकरशाह के सपनों को चकनाचूर कर दें।

जय संघ

गंगाधर
2.10.2000

§गंगाधर लाल दास§
महासचिव

जय भारत

02/10/2000

§वजीन्द्र नारायण सिंह§
अध्यक्ष

ज्ञापांक 186 / दिनांक : 2·10·2000

प्रतिलिपि - निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख पी·टी·आई·/यू·एन·आई/ एक्सप्रेस मिडिया सर्विस / समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित।

गंगाधर
2.10.2000

§गंगाधर लाल दास§
महासचिव